राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

क्रमांकः एफ.7 (5)(28) भर्ती 'ख' / **AP** / **Med. Edu.** / 2020–21 / 577 दिनांक : 05.12.2024

प्रेस–विज्ञप्ति

चिकित्सा शिक्षा विभाग के पदों हेतु जारी विज्ञापन संख्या 6 / 2021–22 दिनांक 27.11.2021 की भर्ती हेतु सहायक आचार्य के विज्ञापित 43 विषयों में से 28 विषयों की संवीक्षा परीक्षा आयोजित की गई, जिनमें से 13 विषयों यथा General Medicine, General Surgery, Obstetrics & Gynaecology, Ophthalmology, Orthopaedics, Oto-Rhino-laryngology, Paediatrics, Psychiatry, Radiodiagnosis, Skin & V.D., T.B. & Chest, Neuro Surgery and Cardiology की संवीक्षा परीक्षा की विचारित सूचियां जारी की जा चुकी हैं।

अतः उक्त विषयों हेतु जारी संवीक्षा परीक्षा की विचारित सूचियों में अस्थाई रूप से सफल अभ्यर्थियों की पात्रता जांच आयोग कार्यालय में संपादित की जावेंगी। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in से विस्तृत आवदेन पत्र (दो प्रतियों में) डाउनलोड कर उसकी समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर मय ऑनलाईन शुल्क की रसीद तथा सम्बन्धित शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, अनुभव प्रमाण–पत्र, रिसर्च पेपर्स, जाति व मूल–निवास प्रमाण–पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां (एक प्रति में) संलग्न कर आयोग कार्यालय में व्यक्तिशः अथवा डाक के माध्यम से दिनांक 13.12.2024 को सांय 06:00 बजे तक आवश्यक रूप से भिजवा देवें।

आयोग द्वारा आवेदकों की पात्रता की जांच विज्ञापन की शर्तों के अनुसार किये जाने पर पात्र पाए गए अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

(रामनिवास मेहता)
सचिव